**30/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज सेंकी पार्क, ईटानगर स्थित दीपक नाबाम लिविंग होम, को 10 लाख रुपये और लेखी विलेज स्थित मदर्स होम, को 5 लाख रुपये का अनुदान सहायता चेक सौंपा। मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से जूझ रहे व्यक्तियों के कल्याण और सम्मान की लगातार वकालत करते हुए राज्यपाल ने सभी गैर-सरकारी संगठनों से ऐसे व्यक्तियों के पुनर्वास और समाज से पुनः उन्हें जोड़ने के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करने का आह्वान किया।

0000000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार आज ईटानगर स्थित सिविल सचिवालय में ऑनलाइन बिल्डिंग परमिशन सिस्टम (OBPS) के शुभारंभ समारोह में शामिल हुए। ओबीपीएस अरुणाचल प्रदेश में बिल्डिंग परमिट प्राप्त करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है। इस उपलब्धि पर नगर नियोजन विभाग को बधाई देते हुए, मुख्य सचिव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ओबीपीएस बिल्डिंग परमिट प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाकर, कागजी कार्रवाई को कम करके, व्यवसाय सुगमता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

0000000000000000000000

आज जारी एक अधिसूचना में, पापुम पारे जिला प्रशासन ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को टेंप्ररी और पर्मानेंट इनर लाइन परमिट जारी करने के दौरान सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, जिले भर के सभी प्रशासनिक कार्यालयों को अपने-अपने सर्कल्स और सब-डिविशन में नियमित जाँच अभियान चलाने और पुलिस विभाग के साथ समन्वय में काम करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच, उपायुक्त विशाखा यादव ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि जिले की सुरक्षा, जनसांख्यिकीय संतुलन और प्रशासनिक अखंडता बनाए रखने के लिए इनर लाइन परमिट (ILP) नियमों का सख्ती से पालन करना बेहद ज़रूरी है।

0000000000000000000000

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेट्री, के.के. निराला ने कल जोलांग स्थित FTII के अपने दौरे के दौरान, FTII में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की एवं क्लासरूम थिएटर, पुस्तकालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया। पॉसिटिव लर्निंग वातावरण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए, उन्होंने सभी हितधारकों से FTII को फिल्म एवं मीडिया शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए निकट समन्वय से काम करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग उपायुक्त सोनालिका जिवानी ने आज पासीघाट स्थित डीसी कॉफ़्रेंस हॉल में ईस्ट सियांग पुलिस द्वारा आयोजित 11वीं मासिक जिला NCORD बैठक कि अध्यक्षता करते हुए कौशल विकास पहल, करियर परामर्श और सकारात्मक हस्तक्षेपों के माध्यम से एक सक्षम सहायता प्रणाली के निर्माण के माध्यम से स्वस्थ हो रहे युवाओं को मुख्यधारा में लाने पर ज़ोर दिया है। उपायुक्त ने NCORD के सदस्यों से प्रमुख मुद्दों पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा भी की।

0000000000000000000000

तवांग उपायुक्त नामग्याल आंगमो की अध्यक्षता मे आज ज़िले के मागो में एक समन्वय बैठक और पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रस्तावित **शांगरीला कॉलिंग टुरिज़म फ़ेस्टीवल** से पहले ज़िम्मेदार पर्यटन और समुदाय-आधारित विकास को बढ़ावा देना था।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष यालेम तागा बुरांग के नेतृत्व में एक टीम ने आज नाहरलागुन स्थित ओजू वेलफेयर एसोसिएशन का अपना पहला आधिकारिक दौरा किया। टीम ने वहाँ के बुनियादी ढाँचे और कार्यप्रणाली का जायज़ा लिया। टीम ने शक्ति सदन में आश्रय प्राप्त महिलाओं और बाल देखभाल संस्थान द्वारा देखभाल किए जा रहे बच्चों से भी बातचीत की।

00000000000000000000000

अरुणाचल इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया एसोसिएशन ने कल ईटानगर में "रिफ़ॉर्मेशन थ्रो इंफ़ॉर्मेशन" विषय पर आयोजित AEDMA कॉन्क्लेव के तीसरे संस्करण के साथ अपने 13वें स्थापना दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री, न्यातो दुकाम ने मीडिया से सरकारी कार्यक्रमों और नीतियों को जनता तक पहूँचाने में अधिक ज़िम्मेदार और सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य में मीडिया उद्योग के विकास के लिए निरंतर समर्थन का आश्वासन भी दिया।

00000000000000000000000

गत 27 से 29 जुलाई तक अपर सुबनसिरी ज़िले के विभिन्न अंचलों, में तीन दिवसीय स्वदेशी आस्था जागरूकता अभियान-सह-निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्वदेशी मान्यताओं और व्यवस्था को बनाए रखना और ग्रामीणों की स्वास्थ्य सेवा में सुधार लाना था। कार्यक्रम का आयोजन संस्कार भारती, IFCSAP, करुणा ट्रस्ट और दोन्यी-पोलो नामलो गामगी न्युबू आथिर सोसाइटी द्वारा स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी के साथ संयुक्त रूप से किया गया था।

00000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 16 जिलों ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, क्रा दादी, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, शी योमी, सियांग, वेस्ट सियांग, आंजाव, लोहित, नामसाई चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और तेज़ बारिश होने की सभावना है।

0000000000000000000000